# झारखण्ड विधान सभा

सत्यमेव जयते

# भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवाशर्त विनियमन) (झारखण्ड संशोधन) विधेयक, 2019

[सभा द्वारा यथापारित]

अधीक्षक, झारखण्ड राजकीय मुद्रणालय,
राँची द्वारा मुद्रित ।

**भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा-शर्त विनियमन)**

**(झारखण्ड संशोधन) विधेयक, 2019**

**(सभा द्वारा यथापारित)**

**झारखण्ड राज्य में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा -शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 को लागू करने के संबंध में एक संशोधन विधेयक**

**भारत गणराज्य के सत्तरवें वर्ष में झारखण्ड राज्य विधानसभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :-**

**1. संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ:-**

(i) यह अधिनियम भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार ( नियोजन एवं सेवा-शर्त विनियमन) (झारखण्ड संशोधन) अधिनियम, 2019 कहा जा सकेगा।

(ii) इसका विस्तार सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य में होगा।

(iii) यह शासकीय राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रवृत होगा।

**2. केन्द्रीय अधिनियम सं०-1996 का 27 की धारा-12 की उपधारा(1) का संशोधन :-**

धारा-12 की उपधारा (1) में अभिव्यक्ति " नब्बे दिन" को अभिव्यक्ति " तीस दिन" से प्रतिस्थापित किया जायेगा।

**3. केन्द्रीय अधिनियम सं०-1996 का 27 की धारा-12 की उपधारा (3) का संशोधन :-**

धारा-12 की उपधारा (3) में अभिव्यक्ति " और साथ ही पचास रूपये से अधिक ऐसी फीस होगी" को विलुप्त किया जायेगा।

**4. केन्द्रीय अधिनियम सं०-1996 का 27 की धारा-16 का विलोपन :-**

धारा-16 की उपधारा (1) तथा (2) को विलोपित किया जायेगा।

**5. केन्द्रीय अधिनियम सं०-1996 का 27 की धारा-17 का विलोपन :-**

धारा-17 को विलोपित किया जायेगा।

**6. केन्द्रीय अधिनियम सं०-1996 का 27 की धारा-22 की उपधारा (1) के अनुच्छेद (ग) का संशोधन :-**

धारा-22 की उपधारा (1) के अनुच्छेद (ग) में अभिव्यक्ति " शर्तों पर" तथा " ऋण और अग्रिम" के मध्य " अनुदान", अंतर्स्थापित किये जायेंगे।

यह विधेयक भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा-शर्त विनियमन) (झारखण्ड संशोधन) विधेयक, 2019 दिनांक 24 जुलाई, 2019 को झारखण्ड विधान सभा में उद्भूत हुआ और दिनांक 24 जुलाई, 2019 को सभा द्वारा पारित हुआ ।

(दिनेश उराँव)
अध्यक्ष

झा०रा०मु० राँची (एल०ए०)32—50—5-8-2019